मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–13, अंक–5, सितम्बर 2013

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545




## कामधेनु की 19वीं वार्षिक आम बैठक

भारत की अग्रणी इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर कंपनी कामधेनु इस्पात लि0 की वर्ष 2013–14 की वार्षिक आम बैठक 27 सितंबर को सुबह 10 बजे से नई दिल्ली के रजोकरी में आयोजित की गई। कंपनी के चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सतीश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में आयोजित इस वार्षिक बैठक में कंपनी के शेयरधारकों की उत्साहजनक भागीदारी रही।

इस वार्षिक बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों के सम्मुख विगत वित्त वर्ष 2012–13 के ऑडिटेड बैलेंस शीट को कंपनी के निदेशकों एवं ऑडिटरों के रिपोर्ट के साथ विचार हेतु प्रस्तुत किया गया। पिछले वित्त वर्ष की समाप्ति पर 31 मार्च 2013 तक की लाभ व हानि का विवरण सदस्यों को सौंपा गया।

बैठक में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सतीश कुमार अग्रवाल ने कहा कि ''आज की इस बैठक में आपके सम्मुख मैं और हमारे बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स आत्मविश्वास से खड़े हैं। हमें इस बात की खुशी है कि आपका भरोसा कायम रखते हुये हम कामधेनु इस्पात लि0 को नई ऊँचाइयों तक लाने में सफल रहे हैं।''

सदस्यों की करतल ध्वनि के बीच श्री अग्रवाल ने बताया कि, ''हमें संतुष्टि है कि एक वर्ष के दौरान हमारी बाज़ार हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है साथ ही हम देश के कई नये बाज़ारों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करने में सफल हुये हैं। एक ओर कामधेनु ब्रांड को हर ओर स्वीकार्यता मिल रही है वहीं दूसरी ओर कामधेनु **SS10000** जैसे उच्च–स्तरीय उत्पादों को लॉच कर कामधेनु इस्पात लि0 ने आज देश की प्रतिष्ठित इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर कंपनी के रूप में पहचान बना ली है।''

इस वार्षिक आम बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण फैसले लिये गये। रोटेशन पॉलिसी के तहत सेवानिवृत होने वाले निदेशकों की रिक्तियों पर नई या उनकी पुनर्नियुक्ति के बारे में भी निर्णय लिया गया। इस बैठक में कंपनी के ऑडिटर को अगली वार्षिक जनरल मीटिंग तक की अवधि तक पद पर कायम रखने का निर्णय भी लिया गया।



# छत्तीसगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम



भारत की अग्रणी इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर कंपनी कामधेनु इस्पात लि0 उपभोक्ताओं को सर्वोत्कृष्ट उत्पाद उपलब्ध कराने के साथ–साथ निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों को बेहतर निर्माण के लिये जरूरी जानकारी देने का काम भी प्राथमिकता के साथ करती रही है। इस मकसद से कंपनी देश के हर राज्य में समय–समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करती रहती है।

इसी मुहिम में छत्तीसगढ़ के महासमंद ज़िले में निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदारों को जागरूक करने के अभियान के तहत 6 जून को शंकरा में बालाजी एजेंसी के कैंपस में बैठक का आयोजन किया गया। कंपनी की ओर से श्री विशाल अग्रवाल एवं श्री मृणमोय रॉय की उपस्थिति में आयोजित हुये इस समारोह में 60 से अधिक लोगों ने भाग लिया।



कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कामधेनु टी एम टी की गुणवत्ता पर प्रकाश डाला और कामधेनु टी एम टी के इस्तेमाल के लाभों पर चर्चा की। श्री अग्रवाल ने कार्यक्रम के दौरान कंपनी से जुड़ी जानकारियाँ दी और उपस्थित लोगों के प्रश्नों का विस्तार से जवाब दिया।

# खाद्य–सुरक्षा बिल को मंजूरी



12 सितंबर को खाद्य–सुरक्षा बिल की मंजूरी के साथ ही भारत की तकरीबन दो–तिहाई आबादी को लिये कुपोषण और भूखमरी से बचाव का रास्ता निकल गया है। आज भारत की 40 प्रतिशत आबादी कुपोषण की शिकार है जो कि तेजी से तरक्की कर रहे हमारे देश की के लिये चिन्ता और शर्म की बात थी।

खाद्य–सुरक्षा बिल के प्रावधानों के तहत अब हर व्यक्ति को प्रतिमाह 5 किलोग्राम अनाज अत्यंत ही सस्ते दर पर दिया जायेगा। पर जो परिवार पहले से ही अंत्योदय अन्न योजना के तहत 35 किलो अनाज पा रहे हैं उनका अनाज कम नहीं किया जायेगा। सरकार आधार कार्ड व आधुनिक तकनीक की मदद से रिआयती राशन के हेराफेरी को रोकने के क़दम उठाने पर भी गंभीर है। अगर हर व्यक्ति तक उसके हक़ का राशन पहुँचाने में सफलता मिल जाती है तो यह बिल भारत के भविष्य के लिये एक बड़ी पहल बन जायेगी।

# भूमि अधिग्रहण व पुनर्वास कानून पारित

118 वर्ष पुराने अंग्रेज शासकों द्वारा लागू किये गये भूमि अधिग्रहण कानून को बदल कर नये भूमि अधिग्रहण व पुनर्वास कानून के लागू होने से देश भर के किसानों को खुशी मिली है। नये कानून के प्रावधानों के तहत किसानो को अब अधिग्रहण होने पर उनकी जमीन के बाज़ार मूल्य का शहरी क्षेत्रों में दुगुना तथा ग्रामीण ईलाकों में चौगुना मुआवज़ा दिया जायेगा। साथ ही भूमि पर आश्रित लोगों के पुर्नवास के लिये भी मदद दी जायेगी।



KAMDHENU SS 10000

# जयपुर में दिखा दो का दम

2 KAA DUM
- DOUBLE RIB
- DOUBLE STRENGTH
- DOUBLE SAFETY



भारत की अग्रणी इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड के प्रीमियम उत्पाद कामधेनु SS10000 ने भारतीय बाज़ार में तेजी से पैठ बना ली है। बाज़ार में इसकी बढ़ती मॉग में और भी गति लाने और इस बेहतरीन उत्पाद की असीमित संभावना का भरपूर लाभ उठाने के लिये राजस्थान के सभी कामधेनु SS10000 प्रायोरिटी डीलरों की मीट आयोजित की गयी।

जयपुर के होटल मैरिऑट में 7 सितंबर को आयोजित इस डीलर मीट में करीब 40 लोग उपस्थित रहे। कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से कंपनी के निदेशक श्री सचिन अग्रवाल तथा सीनियर जी एम, बिजनेस डेवलेपमेंट श्री दिलीप मेहरा ने इस मीट में शिरकत किया। कंपनी के सेल्स प्रोमोटर सैटर्न स्टील प्रा0 लि0 के श्री राजीव गर्ग, श्री राजेन्द्र गर्ग, श्री अमित कालरा व श्री गौरव अग्रवाल भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। जयपुर में कामधेनु SS10000 के डिस्ट्रीब्यूटर श्री प्रेम अग्रवाल और श्री घनश्याम गुप्ता के साथ कामधेनु SS10000 के सभी प्रायोरिटी डीलर इस मीट में शामिल हुए।

कामधेनु SS10000 के बारे में बताते हुये श्री सचिन अग्रवाल ने कहा कि, 'डबल रिब्स और डबल मजबूती वाला कामधेनु SS10000 कई सारी खूबियों वाला भारत का एकमात्र टी एम टी सरिया है। कामधेनु SS10000 कंक्रीट पर 254% गुणा से भी अधिक मजबूत पकड़ बनाता है जिससे इमारत की मजबूती और उम्र कई गुणा बढ़ जाती है। सर्वश्रेष्ठ भूकंपरोधी गुणों के कारण यह इमारतों को भूकंप के तेज झटको से भी बचाने में सक्षम है।'

कामधेनु के निर्माण प्रकिया से जुड़ी जानकारी देते हुये श्री दिलीप मेहरा ने बताया कि, कामधेनु SS10000 को उत्कृष्ट क्वालिटी के प्राइम बिलेट से अत्याधुनिक अंतर्राष्ट्रीय तकनीक द्वारा बनाया जाता है और इसी वजह से यह उत्पाद अपने कैटेगरी में सर्वश्रेष्ट उत्पाद है।

जयपुर मीट के दौरान कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर श्री प्रेम अग्रवाल ने जानकारी दी कि, आम सरिया की अपेक्षा कीमत अधिक होने पर भी जबरदस्त मजबूती और भूकंपरोधी क्षमता के कारण राजस्थान के जागरूक उपभोक्ताओं के बीच कामधेनु SS10000 की माँग बढ़ी है। यह इसी ओर संकेत करता है कि आज उपभोक्ता अपने घर की मजबूती और सुरक्षा को लेकर जागरूक है।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री संजय गुप्ता
**मैसर्स जगदम्बा स्टील**
आन्तिया ताल,
झांसी
मो. – 09415113376

श्री आशीष अग्रवाल
**मेसर्स दीप हार्डवेयर स्टोर**
आरती चौक,
लुधियाना, पंजाब
मो. – 09417200956

श्री प्रशांत अग्रवाल
**मेसर्स हरि स्टील्स**
एन.एच. 2,
मथुरा, उत्तर प्रदेश
मो. – 09897022200

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date: 26.09.2013




# राजगीर में डिस्ट्रीब्यूटर मीट

भारत की अग्रणी इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर कंपनी कामधेनु इस्पात लि० के उत्पादों की देश भर में लगातार मॉग बढ़ रही है जिसका श्रेय कामधेनु उत्पादों की अच्छी गुणवत्ता को जाता है। पिछले कुछ वर्षों में बिहार में भी कामधेनु उत्पाद की मॉग में तेजी से बढ़ोतरी हुई है और आज बिहार में कामधेनु के डिस्ट्रीब्यूटर्स और डीलरों का मजबूत नेटवर्क बन चुका है जो राज्य के उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से सेवायें दे रहा है।

कंपनी द्वारा मार्केट नेटवर्क को बेहतर करते हुये देश के कोने–कोने तक उपभोक्ताओं को कामधेनु उत्पादों को उपलब्ध कराने की दिशा मे लगातार प्रयास किया जाता है। इसी कड़ी में कामधेनु इस्पात लि० ने राजगीर में डिस्ट्रीब्यूटर मीट का आयोजन किया।

बिहार में लगातार बढ़ रही बाज़ार हिस्सेदारी को और अधिक गति देने के मक़सद से कंपनी के जी एम, मार्केटिंग, श्री वाई आर पंडिता की अध्यक्षता में आयोजित किये गये इस समारोह में कामधेनु इस्पात लि० के स्थानीय डिस्ट्रीब्यूटर श्री सुनील कुमार और श्री सुशील कुमार पूरे समय उपस्थित रहे।



समारोह में बिहार के नालंदा, नवादा, शेखपुरा ज़िलों के साथ–साथ राजधानी पटना के कुछ ईलाकों के डीलरों ने भी भाग लिया। बिहार में कामधेनु सरिया की फ्रेंचाइजी कंपनी दादीजी स्टील की ओर से निदेशक, श्री शिशिर अग्रवाल एवं उपर्युक्त ज़िलों के प्रभारी सह प्रबंधक, श्री मुकुंद सहाय समारोह में शामिल हुए।

श्री शिशिर अग्रवाल ने उपस्थित डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटर्स को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि बिहार में इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में तेजी से काम हो रहा है और इस लिहाज से यहॉ हमारे लिये भी अपार संभावनायें हैं। कामधेनु इस्पात लि० के उत्पाद गुणवत्ता में बेहतर हैं और आज बिहार के उपभोक्ता कामधेनु ब्रांड को विश्वास की नज़र से देखते हैं। आप डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर उपभोक्ताओं को हमारे उत्पादों की खूबियों से परिचित कराइये ताकि हमारे उत्पादों की मॉग और भी तेजी से बढ़े।

श्री पंडिता ने उपस्थित डीलरों की तारीफ करते हुये कहा कि सभी डीलर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और कामधेनु उत्पादों को बिहार में मिल रही सफलता में डीलरों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। हम अगर इसी प्रकार लक्ष्य बना कर काम करते रहे तो इस वर्ष हम सफलता की नई ऊँचाइयॉ पा सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित डीलरों को पुरस्कार और उपहार देते हुये जी एम, मार्केटिंग, श्री वाई आर पंडिता ने बताया कि, "हमारा यह मीट एक अवसर है जहॉ हम पिछली उपलब्धियों की सराहना करते हैं और भविष्य के लिये प्रेरणा लेते हैं।

राजगीर मीट के दौरान कंपनी की मार्केटिंग स्ट्रैटेजी पर विस्तार से चर्चा की गई। कंपनी की ओर से श्री पंडिता ने डीलरों को कामधेनु उत्पादों की बाज़ार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिये सभी जरूरी मदद उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com